**<u>Media clips of Re-KYC campaign (26 September – 03 October 2025)/</u>**
**<u>री-केवाईसी अभियान की मीडिया क्लिप्स (26 सितम्बर – 03 अक्टूबर 2025)</u>**

1. RO – Dehradun Regional Office / क्षेत्रीय कार्यालय - देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय
    a. State – Uttarakhand / राज्य - उत्तराखंड
    b. District – Haridwar / जिला – हरिद्वार
    c. Block – Narsan / ब्लॉक – नरसन
    d. Gram Panchayat – Gadarpur / ग्राम पंचायत – गदरपुर
    e. Attended by – Smt. Neeta Behramfram, General Manager / श्रीमति नीता बेहरामफ्राम, महाप्रबंधक

Images of camp/ शिविर की तस्वीरें:




Print media/ digital media/ social media clips of the camps/ शिविरों की प्रिंट मीडिया/डिजिटल मीडिया/सोशल मीडिया क्लिप:



# डिजिटल फ्रॉड को रोकने के लिए बैंक अधिकारियों ने दी जानकारी

गोल्डन टाइम्स
रुड़की– मंगलौर विधानसभा के गदरजूड्डा गांव मे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा मंगलौर एवं डंडेरा के द्वारा वित्तीय समावेश एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रचार प्रसार के लिए जन सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया, जिस अवसर पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया देहरादून से महाप्रबंधक नीता बहरामफ्राम ने विशेप रूप से उपस्थित होकर शिविर की शोभा बढ़ाई। नीता ने भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि के विपय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया आजकल डिजिटल पेमेंट में तेजी आई है। इससे फ्रॉड का खतरा भी बढ़ा है। इस बीच रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने डिजिटल पेमेंट्स को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए कुछ जरूरी बदलाव किए है। ये बदलाव 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे। इसमें ऑनलाइन पेमेंट्स में टू– फैक्टर ऑथेंटिकेशन की तैयारी की जा रही है। एसएमएस ओटीपी के अलावा पासवर्ड, फिंगरप्रिंट और बायोमेट्रिक्स जैसे कई नए तरीकों से ट्रांजैक्शन किए जा सकेंगे। आरबीआई इन तरीको से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन को और अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना चाहती है, ताकि लोगों को धोखाधड़ी और साइबर क्राइम से बचाया जा सके।
उन्होंने बताया रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने सख्त दिशा निर्देश दिए है कि इन ऑनलाइन पेमेंट्स के दौरान इन नियमों का पालन ना करने वाले ग्राहकों को यदि किसी प्रकार का नुकसान होता है, तो ग्राहक को अपने नुकसान की पूरी भरपाई खुद करनी होगी। इस मौके पर अग्रणी जिला प्रबन्धक हरिद्वार डी के गुप्ता पंजाब नेशनल बैंक एवं अग्रणी जिला अधिकारी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया देहरादून रजनीश सैनी भी उपस्थित रहे।
वहीं शिविर मे ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा शिविर के आयोजन को सफल बनाया, बैंक द्वारा मौके पर ही सभी योजनाओ मे पंजीकरण किया गया शिविर के अंत में उप क्षेत्र प्रमुख आशीप कुमार क्षेत्रीय कार्यालय यूनियन बैंक ऑफ इंडिया देहरादून ने ग्रामीणों को शिविर को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया तथा यूनियन बैंक द्वारा निरंतर उत्कृप्ट सेवा प्रदान करने का आश्वासन दिया।
शिविर मे प्रियम बाजपेई शाखा प्रमुख मंगलौर, किरीट मिश्रा शाखा प्रमुख ढंडेरा, अनन्या श्रेय विपणन अधिकारी, शक्ति सिंह प्रबन्धक, क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून तथा बैंक के बैंक मित्र आदि भी उपस्थित रहे।

# डिजिटल फ्रॉड को रोकने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने दी जानकारी

रुड़की (ब्यूरो)। मंगलौर विधानसभा के गदरजूड्डा गांव मे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा मंगलौर एवं डंडेरा के द्वारा वित्तीय समावेश एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रचार प्रसार के लिए जन सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया, जिस अवसर पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया देहरादून से महाप्रबंधक नीता बहरामफ्राम ने विशेष रूप से उपस्थित होकर शिविर की शोभा बढ़ाई। नीता ने भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया आजकल डिजिटल पेमेंट में तेजी आई है। इससे फ्रॉड का खतरा भी बढ़ा है। इस बीच रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने डिजिटल पेमेंट्स को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए कुछ जरूरी बदलाव किए है। ये बदलाव 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे। इसमें ऑनलाइन पेमेंट्स में टू- फैक्टर ऑथेंटिकेशन की तैयारी की जा रही है। एसएमएस ओटीपी के अलावा पासवर्ड, फिंगरप्रिंट और बायोमेट्रिक्स जैसे कई नए तरीकों से ट्रांजैक्शन किए जा सकेंगे। आरबीआई इन तरीको से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन को और अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना चाहती है, ताकि लोगों को धोखाधड़ी और साइबर क्राइम से बचाया जा सके। उन्होंने बताया रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने सख्त दिशा निर्देश दिए है कि इन ऑनलाइन पेमेंट्स के दौरान इन नियमों का पालन ना करने वाले ग्राहकों को यदि किसी प्रकार का नुकसान होता है, तो ग्राहक को



अपने नुकसान की पूरी भरपाई खुद करनी होगी। इस मौके पर अग्रणी जिला प्रबन्धक हरिद्वार डी के गुप्ता पंजाब नेशनल बैंक एवं अग्रणी जिला अधिकारी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया देहरादून रजनीश सैनी भी उपस्थित रहे। वहीं शिविर मे ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा शिविर के आयोजन को सफल बनाया, बैंक द्वारा मौके पर ही सभी योजनाओ मे पंजीकरण किया गया शिविर के अंत में उप क्षेत्र प्रमुख आशीष कुमार क्षेत्रीय कार्यालय यूनियन बैंक ऑफ इंडिया देहरादून ने ग्रामीणों को शिविर को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया तथा यूनियन बैंक द्वारा निरंतर उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने का आश्वासन दिया। शिविर मे प्रियम बाजपेई शाखा प्रमुख मंगलौर, किरीट मिश्रा शाखा प्रमुख ढंडेरा, अनन्या श्रेय विपणन अधिकारी, शक्ति सिंह प्रबन्धक, क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून तथा बैंक के बैंक मित्र आदि भी उपस्थित रहे।

# आजकल डिजिटल पेमेंट में आई है तेजीः नीता

**गदरजूड्डा गांव में जन सुरक्षा शिविर का किया गया आयोजन**

भास्कर समाचार सेवा



रुड़की। मंगलौर विधानसभा के गदरजूड्डा गांव में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा मंगलौर एवं डंडेरा के द्वारा वित्तीय समावेश एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रचार प्रसार के लिए जन सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से महाप्रबंधक नीता बहरामफ्राम मौजूद रही। नीता ने भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया आजकल डिजिटल पेमेंट में तेजी आई है। इससे फ्रॉड का खतरा भी बढ़ा है। इस बीच रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने डिजिटल पेमेंट्स को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए कुछ जरूरी बदलाव किए है। इस मौके पर अग्रणी जिला प्रबन्धक हरिद्वार डी के गुप्ता पंजाब नेशनल बैंक एवं अग्रणी जिला अधिकारी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया देहरादून रजनीश सैनी भी उपस्थित रहे। वहीं शिविर में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। शिविर के अंत में उप क्षेत्र प्रमुख आशीष कुमार क्षेत्रीय कार्यालय यूनियन बैंक ऑफ इंडिया देहरादून ने ग्रामीणों को शिविर को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया तथा यूनियन बैंक द्वारा निरंतर उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने का आश्वासन दिया। शिविर में प्रियम बाजपेई शाखा प्रमुख मंगलौर, किरीट मिश्रा शाखा प्रमुख ढंडेरा, अनन्या श्रेय विपणन अधिकारी, शक्ति सिंह प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून तथा बैंक के बैंक मित्र आदि भी मौजूद रहे।

2. RO – Dehradun Regional Office / क्षेत्रीय कार्यालय - देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय
    a. State – Uttarakhand / राज्य - उत्तराखंड
    b. District – Haridwar / जिला – हरिद्वार
    c. Block – Narsan/ ब्लॉक – नरसन
    d. Gram Panchayat – Ulheda / ग्राम पंचायत – उलहेड़ा
    e. Attended by – Smt. Neeta Behramfram, General Manager / श्रीमति नीता बेहरामफ्राम, महाप्रबंधक

Images of camp / शिविर की तस्वीरें:






Print media/ digital media/ social media clips of the camps | शिविरों की प्रिंट मीडिया/ डिजिटल मीडिया/सोशल मीडिया क्लिप: उपलब्ध नहीं है।

3. RO – Dehradun Regional Office / क्षेत्रीय कार्यालय - देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय
    a. State – Uttarakhand/ राज्य - उत्तराखंड
    b. District – Dehradun / जिला – देहरादून
    c. Block- Sahaspur/ ब्लॉक- सहसपुर
    d. Gram Panchayat – Sahaspur / ग्राम पंचायत – सहसपुर
    f. Attended by – Smt. Neeta Behramfram, General Manager / श्रीमति नीता बेहरामफ्राम, महाप्रबंधक

Images of camp / शिविर की तस्वीरें:







SBI
DEPARTMENT OF FINANCIAL SERVICES
वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान
शिविर - सेलाकुई, देहरादून । दिनांक- 01.10.2025
शिविर में प्रदान की जाने वाली सुविधाएं
वित्तीय समावेशन
संतृप्ति अभियान


प्रधान मंत्री मुद्रा योजना
SBI

Print media/ digital media/ social media clips of the camps | शिविरों की प्रिंट मीडिया/ डिजिटल मीडिया/सोशल मीडिया क्लिप:

# भारतीय स्टेट बैंक, सेलाकुई द्वारा वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन




**- सरकार के वित्तीय समावेशन अभियान को ग्रामीण स्तर तक पहुँचाने की दिशा में पहल**
**- सैकड़ों ग्रामीणों ने शिविर में भाग लेकर योजनाओं का लाभ उठाया**
**- पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना और री-केवाईसी प्रक्रिया पर जानकारी दी गई**
**- ग्रामीणों को ओटीपी साझा न करने जैसे साइबर सुरक्षा उपायों के प्रति भी किया गया जागरूक**

**देहरादून ( दैनिक हाक ):** भारत सरकार के वित्तीय समावेशन अभियान को जन–जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक, सेलाकुई द्वारा आज एक वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भागीदारी की।

शिविर में श्री रोशन चंद ठाकुर, निदेशक (डीएफएस), सुश्री नीता, महाप्रबंधक (आरबीआई), श्री शशि कुमार, महाप्रबंधक (नाबार्ड), श्री दीपेश राज, महाप्रबंधक (एसबीआई) तथा श्री विनोद कुमार, उप महाप्रबंधक (एसबीआई) उपस्थित रहे। इन अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न बैंकिंग सेवाओं और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

शिविर के दौरान ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) और री–केवाईसी प्रक्रिया के महत्व के बारे में बताया गया। ग्रामीणों ने मौके पर ही नामांकन कर योजनाओं का लाभ उठाया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इन योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है।

भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं की उपयोगिता और इनसे मिलने वाले सुरक्षा कवच के महत्व के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उपस्थित ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर न केवल जानकारी प्रदान करते हैं बल्कि सुरक्षा और जागरूकता भी बढ़ाते हैं। आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि सरकार के सार्वभौमिक वित्तीय समावेशन के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। साथ ही ग्रामीणों को यह भी जागरूक किया गया कि वे किसी भी स्थिति में अपना ओटीपी साझा न करें।